हरियाली तीज पर वृक्षारोपण महोत्सव

हिंडौन सिटी। हरियालो राजस्थान अभियान 2025 के अंतर्गत हरियाली तीज के पावन अवसर पर नगर परिषद द्वारा राजकीय महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव की विशेष थीम एक पेड़ मां के नाम रखी गई, जिससे लोगों को पर्यावरण संरक्षण के साथ भावनात्मक रूप से जोड़ा जा सके। आयोजन में नगर परिषद के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। इस दौरान शहरी रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत कार्यरत श्रमिकों द्वारा श्रमदान करते हुए पौधारोपण किया गया। श्रमिकों ने न सिर्फ पौधे लगाए, बल्कि उनकी देखभाल का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण को हरा-भरा बनाना और आमजन को वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करना रहा। नगर परिषद प्रशासन ने बताया कि इस अभियान के तहत शहर के विभिन्न हिस्सों में और भी वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं कॉलेज प्रशासन ने भी इस प्रयास की सराहना की ।

कैमरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में हरियाली तीज पर वृक्षारोपण किया

■ भरतपुर के लोहागढ़ स्टेडियम में शहीदों को नमन किया

हिंडौन सिटी (का स) । उपखण्ड के समीपवर्ती श्री जगदीश धाम कैमरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के परिसर में चिकित्साकर्मियों ने हरियाली तीज पर पर्यावरण को सुधारने के लिए पौधारोपण का संकल्प लिया है। वे ग्रामीणों को प्रेरित कर छायादार और फलदार पौधे लगाने की अपील कर रहे हैं। डॉ. सुरेन्द्र हरसाना ने बताया कि जमीन को चहुंओर से हरी भरी रखने के लिए यूं तो सरकार से लेकर प्रशासन तक एक पेड मां के नाम अभियान चला रहे हैं। जिसमें चिकित्सा विभाग में भी लाखों पौधे रोपने के लिए काम चल रहा है, सभी अस्पतालों में हरियाली तीज को हरियाली के नाम करने के साथ ही अपने आसपास छायादार और फलदार पौधे लगाकर उनकी रक्षा सुरक्षा का संकल्प लिया है। जिसे व्यापक रूप देने की तैयारी की है। उन्होंने आमजनों को घर आंगन के साथ ही पार्कों, स्कूलों, कालेजों में जाकर पौधे रोपने और बच्चों से भी लगवाने की अपील की है। जिससे हर कोई इस बार की हरियाली तीज को याद रखे और आगामी समय में हरियाली बढ़ाने के लिए और भी अच्छा काम करने को आगे आए ।

पर्यावरण प्रेमी भूपेन्द्र खटाना अधैत ने कहा कि यदि अपने क्षेत्र में अपने-अपने परिवारों को हरियाली बढ़ाने के लिए प्रेरित करेंगे तो उनके घरों के आसपास वातावरण अच्छा रहेगा, पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सहायता मिलेगी । कम्प्यूटर ऑपरेटर सुमरन खटाना ने कहा कि पौधे लगवाने से न केवल वाहनों से निकलने वाला प्रदूषण कम होगा और पौधारोपण करने से वायु प्रदूषण में कमी आएगी। इससे वातावरण स्वच्छ होता है। हमने हरियाली तीज पर पौधे लगाने का संकल्प लिया है। क्योंकि पेड पौधों से मनुष्य को ऑक्सीजन प्राप्त होती है। जल संचयन में भी मदद मिलती है। इससे वातावरण शुद्ध होता है। फार्मासिस्ट वीरेन्द्र पंवार ने बताया कि पौधारोपण से भूमि के संरक्षण में मदद मिलती है। के हरियालों राजस्थान कार्यक्रम के तहत एक पौधा मां के नाम अभियान में जुड़कर पौध रोपण करना चाहिए। उन्होंने बताया कि हमारे पूर्वज शुरू से पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक थे वो हरे पेड़ो को नही काटते थे और नए वृक्ष लगाते थे हमें भी उनका अनुसरण करना चाहिए। पौधे लगाने के बाद देखभाल करना भी जरूरी है। नर्सिंग अधिकारी बनवारी गुप्ता ने कहा कि वृक्ष नहीं होंगे तो हमें शुद्ध ऑक्सीजन नहीं मिलेगी। वैध डॉ जीतेन्द्र खटाना ने कहा कि पेड़ों से हमें ऑक्सीजन प्राप्त होती है। इसके बिना जीवन अधूरा है । पौधारोपण से पेड़-पौधों की विविधता बढ़ती है। इससे जैव विविधता में वृद्धि होगी। पौध रोपण से जलवायु परिवर्तन में मदद मिलती है। इससे भविष्य के लिए सुरक्षित वातावरण बनेगा। कटान के कारण प्रकृति भी अपना रौद्ररूप धारण कर रही है। लैब टेक्नीशियन अनिल उपाध्यक्ष ने कहा कि स्वस्थ वातावरण में रहने के लिए वृक्षों की अधिक आवश्यकता है। पौधारोपण से स्वस्थ वातावरण बनेगा। इससे लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। हरियाली तीज पर पौध रोपण की पहले से ही तैयारियां कर ली हैं। क्योंकि पौध रोपण से से पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी। वायु वातावरण में भी सुधार होगा। छायादार पौधे तापमान को नियंत्रित करने में सहायक होते है । वृक्ष लगाकर पौधों की देखभाल भी करेंगे, ताकि बड़े होकर यह वृक्ष बन सकें। नर्सिंग अधिकारी मिथलेश मीना ने कहा कि वार्ष्णेय छायादार पौधों से आसपास का वातावरण सुंदर बनाते हैं।

इससे सौंदर्यीकरण में वृद्धि में होती है। नर्सिंग अधिकारी पवन मीना ने बताया कि पौधे जब बड़े होते हैं तो हमें शुद्ध ऑक्सीजन देते हैं। पौधे कीटों के लिए आश्रय प्रदान करते हैं। इससे उनकी संख्या में वृद्धि होती है। छायादार पौधों के नीचे बैठने से मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है। इससे तनाव भी कम होता है और शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होता है। क्योंकि पौधे वायु को शुद्ध करने में मदद करते हैं। इससे जीवन में सुधार होता है और प्रदूषण भी कम होता है। पौधों की जड़ें मिट्टी को स्थिर रखने में मदद करती हैं। इससे मिट्टी का क्षरण रोका जा सकता है। हरियाली तीज पर पर्यावरण संरक्षण व पौधारोपण करने से पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता में वृद्धि होगी।

वन महोत्सव कार्यक्रम में लगाए गए 2100 पौधे

■ प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में हरियाली तीज के पावन अवसर पर सम्पूर्ण प्रदेश में वन महोत्सव मनाया गया

करौली, (निंसं.)

इसी कड़ी में जिला स्तरीय 76वां वन महोत्सव कार्यक्रम सपोटरा स्थित बनी देवी लवकुश वाटिका में भव्य समारोह के रूप में मनाया गया कार्यक्रम में जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना, पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल, सपोटरा विधायक हंसराज मीना सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने शिरकत की और वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आ ान एक पेड़ माँ के नाम अभियान से प्रेरणा लेकर राजस्थान सरकार हरियालो राजस्थान के माध्यम से प्रदेश को हरा-भरा बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने बताया कि यह प्रकृति से जुड़ाव का पर्व है। मे सभी नागरिकों से अपील करता हूँ कि अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें, उनकी 3 से 4 वर्ष तक देखभाल करें और पर्यावरण संरक्षण कि इस मुहिम जन-आंदोलन के रूप में सफल बनाएँ।सपोटरा विधायक ने उपस्थित जनसमूह को एक पेड़ माँ के नाम मुहिम से जुड़ने का आव्हान करते हुए कहा कि आप इस कार्यक्रम से एक संकल्प लेकर जाएं कि अपने घर के पास, सामुदायिक पार्क, विद्यालय या किसी सार्वजनिक स्थल पर एक पेड़ अपनी माँ के नाम अवश्य लगाएंगे। कार्यक्रम में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीना, अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल, उप वन संरक्षक सुमित बंसल, सपोटरा के उपखण्ड अधिकारी बाबूलाल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयंतीलाल मीना, डीआईपीआर के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र कुमार मीना सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमी, विद्यार्थी, महिला समूह और आमजन उपस्थित रहे।

जब तक जीवित हूं तब तक कोई इन गांवों को छू नहीं सकता चंदीला

करौली, (निंसं.) धौलपुर करौली टाइगर रिजर्व बफर जोन में आ रहे 108 गांवो को बचाने की लड़ाई को जन समर्थन मिला इस मौके पर भाजपा नेता सतबीर चंदीला ने 11 लाख रुपए देने की घोषणा करते हुए कहा कि जब तक मे जीवित हूं तब तक इन गांवों को कोई छू नहीं सकता। करौली धौलपुर क्षेत्र के तीर्थ स्थल बाबू महाराज के स्थान पर शनिवार को करौली सरमथुरा बाड़ी क्षेत्र के 108 गांव के सर्व समाज के लोगों की बड़ी संख्या की महासभा आयोजित हुई जिसमें करौली धौलपुर टाइगर रिजर्व बफर जोन में शामिल किए जा रहे 108 गांव को बचाने को लेकर महापंचायत आयोजित हुई जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने भी भाग लिया इस मौके पर भाजपा नेता सतवीर चंदीला ने कहा कि इस संघर्ष में जितनी भी आर्थिक जरूरत होगी उसका पूरा खर्च उठाऊंगा अगर प्रशासन ने हमारी आवाज नहीं सुनी तो सबसे पहले मे खुद बिल्डोजर के आगे खड़ा होऊंगा सभा में लोगों ने शांतिपूर्ण पूर्ण दृढ़ के साथ आंदोलन का संकल्प लिया और कहा कि यह सिर्फ गांव की जमीन ही नहीं हमारी पहचान संस्कृति और पीढीयो की धरोहर है ।

धूमधाम के साथ चांदी के हिंडोला झूले भगवान

■ करौली जिला मुख्यालय पर रविवार को श्रावणी तीज का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया इस अवसर पर कृष्ण मंदिरों में विशेष सजावट, आकर्षक रोशनी की गई

करौली, करौली शहर के सबसे बड़े जन जन के आराध्य देव भगवान मदन मोहन जी महाराज के मंदिर में प्रातः 11:00 बजे से रात्रि तक लाखों की संख्या में भक्तों ने भगवान के दर्शन लाभ लेकर अपने परिवार की मनौती मांगी इस अवसर पर भगवान के विठाहो को गर्भ ठाह से बाहर निकाल कर चांदी के हिंडोला में झुलाया गया जिनकी आकर्षक झांकी के लिए लोगों का सैलाब उमड पड़ा वही साय 5:30 बजे से शुरू हुई बारि'ा के बीच भी र्दानार्थी राधे राधे के जयकारे लगाते मंदिर पहुँचे रात्री 10:00 बजे तक मंदिर में भारी भीड़ रही चारों तरफ बंसी वाले के जयकारे गूंजे इस अवसर पर महिलाएं लहरिया साड़ी पहने भगवान के दर्शनों के लिए पहुंची तो वहीं बाजारों में घेवरों की खूब बिक्री हुई।

श्रावण तीज के अवसर पर कल्याण राय जी मंदिर, गोविंद देव जी मंदिर, गोपाल जी मंदिर के अलावा कई अन्य कृष्ण मंदिरों में भी विशेष सजावट और रोशनी करते हुए भगवान को झूलों में झुलाया गया इस अवसर पर करौली शहर के बाजारों में मेले जैसा माहौल देखने को मिला भारी भीड़भाड़ को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम, पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम, करौली कोतवाली थाना अधिकारी आध्यात्म गौतम, यातायात प्रभारी मंजू फौजदार सहित अन्य पुलिस के अधिकारी शहर के बाजारों में कानून व्यवस्था और यातायात व्यवस्था बनाते देखे गए शहर के अंदर जाने वाले सभी मार्गों पर मोटरसाइकिल, ऑटो टेंपो और फोर व्हीलर वाहन पूरी तरह से बंद कर दिए जिससे दर्शनार्थियों को काफी राहत मिली।

18 वाहन जब्त, 11,300 जुर्माना वसूला

हिंडौन सिटी। जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार थाना सदर हिंडौन पुलिस द्वारा शनिवार को खेड़ा तिराहे पर एमवी एक्ट के तहत विशेष कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्ती बरती गई। थानाधिकारी देवेंद्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बिना हेलमेट वाहन चलाने, सीट बेल्ट न लगाने, मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाने, क्षमता से अधिक सवारी ढोने और शराब पीकर वाहन चलाने जैसी विभिन्न उल्लंघनों पर चालान किए।

कार्रवाई के तहत कुल तीन चालान बिना हेलमेट, तीन चालान बिना सीट बेल्ट, दो चालान मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाने वालों के खिलाफ किए गए। इसके अतिरिक्त क्षमता से अधिक सवारी ले जाने वाले नौ वाहनों के चालान किए गए, जबकि शराब पीकर वाहन चलाने के एक मामले में भी कार्रवाई की गई। वहीं, दस्तावेजों के अभाव में कुल 18 वाहन 207 एमवी एक्ट के तहत जप्त किए गए। इस पूरी कार्रवाई के दौरान कुल 11,300 की जुर्माना राशि वसूल की गई।

महात्मा फूले विकास संस्थान में हरियाली तीज पर सघन वृक्षारोपण

■ इस अवसर पर चंपा, कनेर, जामुन, आम, सिरस, बंगलबेल सहित विभिन्न प्रकार के पौधे रोपे गए

करौली, (निंसं.) करौली जिला मुख्यालय स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले विकास संस्थान में हरियाली तीज के पावन अवसर पर सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चंपा, कनेर, जामुन, आम, सिरस, बंगलबेल सहित विभिन्न प्रकार के पौधे रोपे गए। राजस्थान सरकार की थीम एक पेड़ मां के नाम को साकार करते हुए अपने संस्थान परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में संस्था पदाधिकारी, कर्मचारी, समाजसेवी, महिला-पुरुष और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और परिसर को हरा-भरा बनाना रहा।संस्थान अध्यक्ष प्रेमसिंह माली ने सभी आगंतुकों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि संस्था का निरंतर प्रयास रहता है कि प्रकृति को संरक्षित रखा जाए। उन्होंने छात्रावास परिसर को स्वच्छ और हरा भरा बनाए रखने के लिए सभी से तन, मन, धन से सहयोग देने की अपील की। इस अवसर पर कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष तुलसीराम सैनी,कर्मचारी संघ करौली के अध्यक्ष रामखिलाड़ी माली,यूनियन बैंक के मैनेजर कमरसिंह माली,सचिव रामगोपाल माली,पन्नूसिंह माली,सक्रिय सदस्य गोपाल लाल माली,बाबूलाल भगत, रूपसिंह ड्राइवर, किशन, मानसिंह,रामसिंह,भंवरसिंह, रंगलाल, गजानंद, बनेसिंह, धर्मी, शिवचरण, रामजीलाल, हेमराज हलवाई, महेश कुशवाहा, मदन गोपाल, सुरेश मिस्त्री, शंकर सिंह, लक्ष्मण सिंह, ममता, कमलेश सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने पौधों की देखरेख व पानी देने की जिम्मेदारी भी स्वयं ली।

जिला प्रभारी मंत्री ने ली भरतपुर व डीग जिले के अधिकारियों की बैठक

■ अधिकारी फ्लैगशिप योजनाओं, बजट घोषणाओं की क्रियान्विति करें समय पर - जिला प्रभारी मंत्री

भरतपुर (निस)। जल संसाधन एवं जिला प्रभारी मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि सभी अधिकारी राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं, बजट घोषणाओं की क्रियान्विति में सक्रियता से भागीदारी निभाकर प्रदेश में अठाणी जिलों में शामिल करें। जिला प्रभारी मंत्री रविवार को नगर निगम सभागार में भरतपुर एवं डीग जिले के अधिकारियों की बैठक लेते हुये विभागवार योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी विभाग लक्ष्यों को समय पर पूरा करते हुये प्रदेश स्तर पर रैंकिंग में प्रथम पांच जिलों में शामिल करते हुये धरातल पर फ्लैगशिप योजनाओं व बजट घोषणाओं को लागू करें। उन्होंने कहा कि योजनाओं में जो भी व्यक्ति पात्र है, उन्हें चिन्हित कर लाभान्वित करें। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, विभागीय अनुदान योजनाओं में कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित नहीं रहे। उन्होंने कहा कि दोनों जिले कृषि प्रधान हैं, कृषि विभाग की अनुदान योजनाओं, उर्जा के क्षेत्र में सौर उर्जा संयत्र लगवाने की योजनाओं का अधिकाधिक प्रचार प्रसार कर लोगों को प्रेरित करें। उन्होंने कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान में भामाशाहों, प्रवासी नागरिकों को भागीदारी के लिये प्रेरित करने, स्वच्छ भारत अभियान में सभी गांवों में नियमित साफ सफाई एवं कचरा उठाव के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आवासहीन परिवारों को समय पर किश्त मिले, खाद्य सुरक्षा योजना में जो भी पात्र व्यक्ति हैं उन्हें लाभान्वित किया जाये। जिला प्रभारी मंत्री ने जल जीवन मिशन में शेष कार्य को गति देते हुये ग्राम पंचायतों में खोदी गई सडकों की मरम्मत कार्य को गुणवत्ता से कराने के निर्देश दिये। उन्होंने चिकित्सा विभाग को मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिये जागरूकता कार्यक्रम जारी रखने, बजट घोषणाओं के तहत नवीन संस्थानों के निर्माण कार्यों को गुणवत्ता से पूरा कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक निर्माण विभाग सडकों, फ्लाईओवर एवं राजकीय भवनों के निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ पूरा कराने के लिये निरन्तर मॉनिटरिंग करें। उन्होंने जिलों में क्षितग्रस्त भवनों, राजकीय कार्यालयों को चिन्हित कर सार्वजनिक निर्माण विभाग से सत्यापन कराते हुये समय पर मरम्मत कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण करते हुये विभागीय योजनाओं का लाभ प्रदान करें। जो कार्य नियमों के अनुकूल नहीं हो उसके संबंध में परिवादी को संतोषजनक जबाव देकर विभागीय कार्यवाही से अवगत करायें। जिला प्रभारी सचिव भरतपुर शुचि त्यागी ने कहा कि सभी विभाग सरकार की मंशा के अनुरूप आमजन को राहत प्रदान करते हुये हर क्षेत्र में अठाणी रहने के लिये टीम भावना से कार्य करें। जिला प्रभारी सचिव डीग वी. सरवन ने कहा कि विभागीय योजनाओं का लाभ आमजन को सुगमता से मिले, बजट घोषणाऐं समयबद्ध रूप से धारातल पर साकार हों। जिला कलक्टर कमर चौधरी ने जिले की बजट घोषणाओं की प्रगति एवं विभिन्न अभियानों की प्रगति के बारे में बताया। जिला कलक्टर डीग उत्सव कौशल ने पीपीटी के माध्यम से विभागवार योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी।

बिजली की कटौती ने भीषण उमस भरी गर्मी में आम जन को झकझोर कर रख दिया

■ जिले मुख्यालय पर बैठे सभी विभागों के आल्हा अधिकारी जनता की मूलभूत सुविधाओं को नजर अंदाज कर रहे हैं

करौली, (निंसं.) कहने को तो करौली जिला मुख्यालय है लेकिन जिला मुख्यालय स्थित शहर वासी मूलभूत सुविधाओं के लिए किस तरह तृस्त है जिसकी बया नहीं की जा सकती करौली को जिला बने 28 वर्ष पूरे हो चुके हैं लेकिन जिला मुख्यालय स्थित शहर वासी आज भी बिजली पानी सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा है और जिले मुख्यालय पर बैठे सभी विभागों के आल्हा अधिकारी जनता की मूलभूत सुविधाओं को नजर अंदाज कर रहे हैं लोग आए दिन मूलभूत सुविधाओं को लेकर प्रशासन के अधिकारियों को अवगत करा रहे हैं उसके उपरांत भी कोई सुनने को तैयार नहीं है ना ही समस्या के समाधान के लिए तैयार है बिजली की समस्या को देखें तो यहां ऐसा लगता है की विद्युत निगम के अधिकारी कर्मचारी बे लगाम है जो जनता के मोबाइलों को उठा कर जवाब तक नहीं देते हैं शनिवार को दोपहर बाद 2रू00 बजे से शाम 6रू00 बजे तक शहर के करीब आधा दर्जन से अधिक कॉलोनी की बिजली गुल रहने से उमश भीषण गर्मी ने आम जन को झकझोर कर रख दिया लोगों ने विद्युत निगम के अधिकारियों से अघोषित विद्युत कटौती की जानकारी के लिए काफी मोबाइलों पर टेलीफोन किए गए लेकिन किसी ने पलट कर जवाब तक नहीं दिया यह जिला मुख्यालय के अधिकारियों के हाल देखे जा रहे हैं।

इसके अलावा शहर में कई कॉलोनी की पेयजल सप्लाई के भी हालत बड़े खस्ता देखे जा रहे हैं जहां नियमित रूप से पेयजल सप्लाई नहीं मिलने से लोगों को महंगे दामों में कैंपर खरीद कर प्यास बुझाई जा रही है इसके अलावा शहर के प्रमुख तरह गुलाब बाग से लेकर कोतवाली के सामने हिंडौन गेट फूटा कोट तक मुख्य सड़क मार्ग पर जगह-जगह गहरे गड्ढे पढ़ रहे हैं गंभीर जनक बात तो यह है कि यह शहर का सबसे व्यस्ततम सड़क मार्ग है जिस सड़क मार्ग पर प्रातः 4रू00 से लेकर शाम 9रू00 बजे तक लोगों का शहर के अलावा यहां के प्रमुख आराध्य श्री मदन मोहन जी के दर्शनों के लिए लोग बड़ी संख्या में प्रतिदिन जाते हैं।

जिनमे वह लोग भी शामिल हैं जो साथ और 70 वर्ष की उम्र पार कर चुके हैं उनको इस जर्जर सड़क मार्ग पर मदन मोहन जी मंदिर दर्शन करने के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है लेकिन समस्या के समाधान के लिए कोई जिम्मेदार नहीं है इसके अलावा शहर का एकमात्र शमशान घाट मासलपुर गेट पर स्थित है जहां प्रतिदिन पूरे शहर में से इसी श्मशान घाट पर लोग मृतक के शवो को अंतिम संस्कार के लिए ले जाते हैं उनसे पूछा जाए की और उसे जर्जर सड़क मार्ग से शवो को अंतिम संस्कार के लिए कितनी कठिनाइयों से पहुंचाया जाता है जिसके लिए शहर के प्रमुख लोगों सामाजिक संगठनों के लोगों ने न जाने कितनी बार जिला प्रशासन के अधिकारियों और सरकार के विधायक सांसद मंत्रियों तक श्मशान घाट के सड़क मार्ग को सही करने की मांग कर चुके हैं लेकिन किसी ने समस्या के समाधान की सुध नहीं ली है इसके अलावा इन दोनों चल रहे बरसात के दौर में शहर की कॉलोनीयो के के मुख्य रास्तों में रोशनी के अभाव में अंधेरा पसरा हुआ है यही नहीं यहां के आराध्य देव मदन मोहन जी मंदिर से लेकर चिकना फर्श और चटीकना तक के मुख्य सड़क मार्ग पर रोशनी के अभाव में अंधेरा पसरा हुआ है जिसकी भी लोग कई बार मांग कर चुके लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है इन दोनों बरसात की दौड़ में जहरीले कीट बरसात के पानी से बाहर आ जाते हैं जिस अंधेरे में लोगों को जहरीले कीटों का डसने का भय भी व्याप्त है।

राजेन्द्र सारस्वत का सम्मान किया

भरतपुर (निस)। अखिल भारतीय साहित्य मंच द्वारा कार्यालय डॉ. कुसुम शर्मा हॉस्पीटल भरतपुर पर जिलाध्यक्ष भगवान सिंह लोधा की अध्यक्षता में व डॉ. कुसुम शर्मा के सानिध्य में हाल ही में बने कांठोस राजीव गांधी पंचायत राज संस्था के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सारस्वत का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरवन कोआपरेटिव बैंक के अध्यक्ष योगेश शर्मा लाला थे। विशिष्ट अतिथि ब्राहमण सभा के जिलाध्यक्ष डॉ. लोकेश शर्मा, जसवंत दारापुरिया, प्रधान चोब सिंह, चेतन शर्मा, पुरोहित टीटू, राकेश शर्मा कुक्कू, परषोत्तम कटारा, निरोत्तम लवानियां, दिनेश कुमार अध्यापक थे। कार्यक्रम की शुरूआत सभी अतिथियों द्वारा मॉ सरस्वती के सामने दीप प्रज्जवलित कर की गई।

इस कार्यक्रम के जिला संयोजक युवान शर्मा थे। मुख्य अतिथि योगेश शर्मा लाला ने राजेन्द्र सारस्वत का साफा बांधकर, फूलों का हार पहनाकर, प्रतीक चिंह व श्रीफल देकर सम्मान किया गया। मुख्य प्रवक्ता डॉ. लोकेश शर्मा ने कहा कि राजेन्द्र सारस्वत बहुत ही सरल स्वभाव के धनी रहे हैं ये सबसे पहले एनएसयूआई के शहर अध्यक्ष बने, इसके बाद यूथ कांठोस जिला मंत्री, नगर सुधार न्यास के ट्रस्टी एवं पार्षद रहे। वर्तमान जिला कांठोस कमेटी में मंत्री, कांठोस राजीव गांधी पंचायत राज संस्था के जिलाध्यक्ष बने व सभी समाजों को साथ में लेकर चलने वाले हैं।

मुख्य प्रवक्ता ने भरपूर प्रशंसा की। सभी वक्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किये। इस कार्यक्रम में डॉ. शेखर शर्मा, डॉ. रेनू शर्मा, डॉ. हर्षवर्धन दुवे, डॉ. ईषा शर्मा, मंतिका शर्मा, मंथिका शर्मा, दिव्यांश गुर्जर मलाह, शिवचरन हवलदार जिंदपुरा, नरेन्द्र शर्मा, अजय शर्मा, बोबी गुर्जर, संजय शर्मा, सुरेश शर्मा, आदि लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. लोकेश शर्मा ने किया व आभार व्यक्त युवान शर्मा ने किया।

सार-समाचार

पुरानी पेंशन लागू करवा करवाएगा संघ

भरतपुर (निस)। रेल कर्मचारियों की सबसे बड़ी मांग पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को लेकर अब लड़ाई निर्णायक मोड़ पर है। वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ ने भरतपुर से हुंकार भरी है कि जब तक कर्मचारियों को ओपीएस का लाभ नहीं दिला दिया जाएगा, संघ चौन से नहीं बैठेगा। संघ का द्विवार्षिक अधिवेशन शनिवार को भरतपुर स्थित कार्यालय में आयोजित हुआ, जिसकी अध्यक्षता डब्ल्यूसीआरएमएस के अध्यक्ष सीएम उपाध्याय ने की। मुख्य अतिथि के रूप में कोटा मंडल महामंत्री अब्दुल खालिक मौजूद रहे। अधिवेशन को संबोधित करते हुए अध्यक्ष सीएम उपाध्याय उपाध्याय ने कहा कि ओपीएस कर्मचारियों का हक है और जब तक ये बहाल नहीं होती तब आंदोलन जारी रहेगा। महामंत्री अब्दुल खालिक ने कोटा मंडल में संगठन द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी और बताया कि किस तरह संघ कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए लगातार संघर्षरत है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने दो टूक कहा कि डब्ल्यूसीआरएमएस एकमात्र मान्यता प्राप्त संगठन है और कर्मचारियों के हर मुद्दे को मंडल, जोन और रेलवे बोर्ड स्तर तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर महीपाल सिंह, गगनदीप, वीर सिंह कसाना, राहुल शर्मा, आकाश देव, राहुल कुमार, प्रकाश बघेल आदि मौजूद रहे।

भरतपुर ब्रांच की नई टीम घोषित, अध्यक्ष बने केके सिंह यादव

अधिवेशन के दौरान ब्रांच स्तर पर चुनाव भी कराए गए, जिसमें सर्वसम्मति से निम्न पदाधिकारियों का चयन किया गया। इसमें के.के. सिंह यादव अध्यक्ष, शिवचरण सिंह सचिव, मुकेश चंद सोनी कोषाध्यक्ष और सुरजीत गुर्जर को संगठन सचिव बनाया गया। वहीं, डीसी मीणा, मेघ सिंह, राकेश राजोरिया, महाभाव सिंह, मदनलाल मीणा, विनय सिंह को उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। इनके अलावा महामाया सिंह, गजेंद्र सिंह, भरतलाल मीणा, लक्ष्मण महावर, पूरन सिंह और हरकेश मीणा सहायक सचिव बने। युवा विंग का अध्यक्ष राकेश वर्मा और सचिव रविंद्र सिंह को बनाया।

रीठौली के चन्द्रेश शर्मा ने किया नाम रोशन हिंडौन सिटी।राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित कनिष्ठ अभियंता (यांत्रिक/विद्युत) संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा-2024 में करौली जिले के चन्द्रेश कुमार शर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जनरल श्रेणी मेंदूसरा स्थानप्राप्त किया है। वहीं, श्रेणीवार जारी वरीयता सूची में उन्होंने19वां स्थानहासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। चन्द्रेश शर्मा करौली जिले के ग्राम रीठौली निवासी हैं एवं महेंद्र शर्मा के पुत्र हैं। वर्तमान में वे गुरुग्राम स्थितडीएलएफ कंपनीमें मैनेजर पद पर कार्यरत हैं। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है और स्थानीय लोगों द्वारा उन्हें बधाइयाँ दी जा रही हैं।

गौरतलब है कि यह परीक्षाजन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, राजस्थानके तहत कनिष्ठ अभियंता केगैर-अनुसूचित क्षेत्र के 69 और अनुसूचित क्षेत्र के 4, कुल73 पदोंके लिए आयोजित की गई थी। परीक्षा का आयोजन 6 फरवरी 2025 को हुआ था। अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत आवेदन और मुख्य परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर श्रेणीवार वरीयता सूची तैयार की गई।चन्द्रेश की इस उपलब्धि से न सिर्फ उनके परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र में गर्व की भावना है। उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से यह सफलता हासिल की, जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत है।

सांप काटने का इलाज उपलब्ध'

`करौली, (निंसं.) वर्षा ऋतु के समय सर्पदंश की संभावना बढ़ जाती है, सर्पदंश का पूर्णतः इलाज चिकित्सा संस्थानों पर निःशुल्क उपलब्ध है। सीएमएचओ डॉ. जयंतीलाल मीणा ने बताया कि वर्षा ऋतु में सर्प रहने वाले बिलों में पानी भर जाने के कारण कई प्रकार के सर्प खुले में विचरण करते दिख जाएंगे। सर्प के काटने का पूर्णतया इलाज चिकित्सा संस्थानों पर उपलब्ध है, उन्होंने बताया कि सभी सीएचसी और पीएचसी पर स्नैक वाइट इंजेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं, जिनके द्वारा सर्प काटने पर प्रदर्शित लक्षणों के अनुसार सर्पदंश का इलाज किया जाता है। सीएमएचओ ने आमजन से अपील की है कि सर्प काटने पर झाड़ फूंक में समय बर्बाद ना करें, सर्पगंज से पीड़ित को तुरंत नजदीकी चिकित्सा संस्थान पर ले जाएं, जिससे पीड़ित की जान को खतरा न हो।

प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी

करौली, (निंसं.) भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम के 124 वे संस्करण को शहर मंडल के सभी शक्ति केंद्रो पर एवं बूथ पर देखा और चुना गया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय शक्ति केंद्र के बूथ 136 पर दर्पण कंपटीशन क्लासेज द्वारा भाजपा शहर मंडल का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें जिला महामंत्री सुरेश शुक्ला, सभापति प्रतिनिधि सुशील शर्मा, वीरेंद्र मित्तल, जितेंद्र सिंह पिचानोत, निवर्तमान जिला महामंत्री धीरेंद्र बैसला, आशीष जैन, तेजेंद्र सिंह जादौन, विकी गुरु, सुमित भट्ट, हरिशंकर शर्मा आदि कार्यकर्ताओ ने कार्यक्रम को सुना और देखा।

51 प्रकरणों का निस्तारण

करौली । राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश करौली श्रीमती माधवी दिनकर के निर्देशन में जिला मुख्यालय करौली एवं तालुका मुख्यालय हिंडौन श्रीमहावीरजी, टोडाभीम, सपोटरा व नादौती पर भारतीय स्टेट बैंक के ऋण प्रकरणों के लिए विशेष प्रि लिटिगेशन लोक अदालत का आयोजन किया गया लोक अदालत हेतु जिला मुख्यालय करौली एवं तालुका मुख्यालयों पर प्रो बोनो बैंचों का गठन